दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



अंक 02/89 | जयपुर | 18 अप्रैल /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने आयुर्वेद कॉलेज और आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



एजेंसी

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने गुरूवार को आयुर्वेद कॉलेज, जयपुर एवं राजकीय आयुष चिकित्सालय, प्रताप नगर का औचक निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इनमें सुधार लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में अस्पताल में रोगियों को औषधि वितरण में अव्यवस्था और साफ-सफाई की कमी मिली। पेयजल का वाटर कूलर खराब पाया गया तथा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कक्षा में शिक्षण कार्य में भी लापरवाही पाई गई, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद उप सचिव, सावन कुमार चायल को प्राचार्य एवं अन्य जिम्मेदार कार्मिकों के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने विगत दिनों आउटडोर में आए रोगियों से दूरभाष कर उनके स्वास्थ्य का फीडबैक लिया तथा सुनिश्चित किया कि उन्हें समुचित चिकित्सा सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं।

## तीन जुड़वां शिशुओं को मिला एसएनसीयू उपचार से नवजीवन



एजेंसी

**नागौर।** नागौर जिले के राजकीय जेएलएन अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एस.एन.सी.यू.) में एक बार फिर नवजात शिशु चिकित्सा सेवा ने उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। इस इकाई में उपचारत तीन गंभीर स्थिति के जुड़वा कम वजन के नवजात शिशुओं को नवजीवन प्राप्त हुआ है।

निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि नागौर जिले के निजी अस्पताल में जन्मे इन तीन जुड़वा शिशुओं को गंभीर स्थिति में 11 फरवरी को नागौर के राजकीय जेएलएन अस्पताल की एसएनसीयू में भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गया। विशेषज्ञता और उच्चस्तरीय चिकित्सा उपकरणों के कारण आज तीनों सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं।

परियोजना निदेशक बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि शिशुओं के फेफड़ों की स्थिति को सुधारने में 'सर्फैक्टेंट' थैरेपी का उपयोग करते हुए निजी क्षेत्र में अत्यधिक महंगा रहने वाला यह उपचार एसएनसीयू इकाई में निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 67 दिन की सतत चिकित्सा, पोषण प्रबंधन, ऑक्सीजन सपोर्ट, संक्रमण नियंत्रण और माँ के दूध की निरंतर व्यवस्था के कारण अब तीनों बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो चुका है और उनका वजन सुरक्षित स्तर तक बढ़ चुका है।

## पांच जिलों में बारिश के बावजूद नहीं मिली राहत

### प्रचंड होता पारा : बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 के पार, आज 9 जिलों में लू का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश के बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिली। कोटा, सीकर, जयपुर, अजमेर समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री तक बढ़ गया। बीकानेर और बाड़मेर में पारा 45.1 और 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हनुमानगढ़, पाली और प्रतापगढ़ को छोड़कर सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। बीकानेर में गुरुवार दोपहर में 10 मिनट तक बारिश हुई। बुधवार देर रात को उदयपुर, झुंझुनूं, सीकर और दौसा में भी बारिश हुई। जयपुर, नागौर और भीलवाड़ा में सुबह से बादल छाए रहे। शाम को नागौर, बीकानेर, सीकर, जयपुर, टोंक और झालावाड़ में हवा चली। मौसम विज्ञान केंद्र



सीकर में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे 15 मिनट तक बारिश हुई।

जयपुर ने भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग में दोपहर बाद आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 19 अप्रैल से उत्तरी हवा चलेगी, जिससे तापमान 2-4 डिग्री तक गिर सकता है। 21 अप्रैल तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल बाड़मेर और जैसलमेर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी है। भीषण गर्मी को देखते हुए जैसलमेर में सभी राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में 8वीं तक के छात्रों का स्कूल समय बदला गया है।

# घांसोली गांव में नियम विरुद्ध लगाएं गए शराब ठेके को हटवाने के लिए ग्रामीण हुए लामबंद

## ग्रामीणों ने जताया विरोध, जिला कलक्टर को जनसुनवाई में दी लिखित शिकायत

### जिस रास्ते पर बालिकाओं सहित मन्दिर के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहता है आना-जाना, उसी रास्ते पर खुला शराब का ठेका

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह** किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास के गांव घांसोली में नियम विरुद्ध लगाएं गए शराब ठेके को हटवाने के लिए सभी ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। स्कूल और मंदिर को जाने वाले रास्ते पर खोले गए शराब ठेके को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को खैरथल-तिजारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में सरपंच सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खैरथल - तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार को दी है। दी गई लिखित शिकायत में बताया कि आबकारी मद्य संयम नीति वर्ष 2025-29 हेतु देशी मदिरा दुकान ग्राम पंचायत घासोली की लोकेशन स्वीकृत की गई है जहां पर साहबजी का प्रसिद्ध मन्दिर है, और बालिकाओं के स्कूल जाने का भी मुख्य रास्ता वही है। यह गांव का मुख्य रास्ता होने के साथ साथ साहब जी के मन्दिर का परिक्रमा मार्ग भी है जहां हजारों श्रद्धालू आते है और इस अवैध शराब दुकान के खुलने से धार्मिक व्यवधान उत्पन्न हो रहा है क्योंकि श्रद्धालुओं पर शराब पीने वाले बोतलें फेंकते है। ग्रामीणों द्वारा और मन्दिर के कार्यकर्ताओं के द्वारा भी इसका विरोध किया गया। शराब ठेकेदार द्वारा कहा जाता है कि विभाग मेरी जेब में है मेरा मन करेगा जहां दुकान लगाउंगा, मन्दिर के बाहर मन करेगा तो मन्दिर के अन्दर भी लगा दूंगा विभाग मुझसे बड़ा नहीं है पैसे देता हूं काम करवाता हूं। इस स्थान पर शराब की दुकान की लोकेशन गलत स्वीकृत की गई और यहां निश्चित तौर पर कोई बडी जन हानि हो सकती है इसलिये इस दुकान को अन्यत्र स्वीकृत किया जाना उचित है। यहां जन आक्रोश अधिक व्याप्त है धार्मिक परिक्रमा करने के आने वाले लोगो को भी अधिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि जल्द से जल्द इस लोकेशन को अन्यत्र लगवाया जाकर मदिरा दुकान घासोली को निरस्त किये जाने की मांग की है। वहीं श्री श्री 1008 श्री साहिब जी महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल द्वारा दी गई लिखित शिकायत में बताया कि ग्राम घॉसोली में बहुत ही प्रसद्धि श्री साहिब जी महाराज को पुरातन काल का मंदिर है जिसमे अन्य जिले एवं पूरे भारत वर्ष के यात्रीगण आते है। प्रत्येक





रविवार को सैकड़ो की तादाद में महिलाए एवं बच्चे मैनरोड़ से मंदिर तक पैदल परिक्रमा देते है एवं मैले का परिक्रमा मार्ग भी है। इसमें रात दिन यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। अतः सुरक्षा की दृष्टि से यहाँ ठेका लगाना उचित नही है। आप स्वंय स्थान को देख लेवे कृप्या मैन रोड़ एवं मंदिर रोड़ पर शराब ठेका उचित नही है। युवा पीढ़ी के हिसाब से भी ठेका उचित नहीं है। श्रीमान् से निवेदन है कि ग्राम पंचायत द्वारा किसी प्रकार की एनओसी भी जारी नही ली गई है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि तुरंत प्रभाव से ठेका को रद्द किया जावे। इस दौरान बनता सरपंच ग्राम पंचायत घांसोली,सुभाष अग्रवाल अध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री साहिब जी महाराज ट्रस्ट, मुकेश कुमार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत घांसोली, उपसरपंच ईश्वरी बाई, पंच असलूप, पंच समसीदा, पंच निजरू, पंच आबिद,पंच हरमल, पंच सुलताना, रामोतार गुर्जर, महेंद्र कुमार, अरशद, रिंकू, पूर्ण गुर्जर, रणजीत सिंह, अभय सिंह पटेल, गिर्राज गुर्जर, जुम्मा, विक्रम पटेल, इमरत सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### सोने की कीमत ने तोड़े अब तक के सभी रिकॉर्ड

## दस ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 97,800 पर

एजेंसी

**जयपुर।** सोने की कीमत ने गुरुवार को अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा-पटक के बाद भारतीय बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत अपने ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। इसके बाद राजस्थान के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 97 हजार 800 के आंकड़े पर आ गई है। वहीं चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है। जिसके बाद 1 किलो चांदी की कीमत 98 हजार 200 रुपए के आंकड़े पर पहुंच गई है।



जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97 हजार 800 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 91 हजार रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 79 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 64 हजार 500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 98 हजार 200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

## अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं : धनखड़

### उपराष्ट्रपति जज 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहे, अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी।

धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर Vs राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था।

### वक्फ कानून : सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश

## नियुक्तियां रोकीं, केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

## चलते कंटेनर में लगी आग, एक के बाद एक 6 ब्लास्ट

### 100 फीट तक उठी लपटें, भीलवाड़ा-जयपुर नेशनल हाईवे जाम

एजेंसी

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा-जयपुर नेशनल हाईवे 48-डी पर गुरुवार दोपहर 1.30 बजे एक पार्सल कंटेनर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने आग की भनक लगते ही कंटेनर को साइड में रोका और मौके से चला गया। कंटेनर में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर और केमिकल की वजह से एक के बाद एक 6 ब्लास्ट हुए।





आग की लपटें 100 फीट तक उठीं और काला धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। साढ़े 4 घंटे तक कंटेनर धधकता रहा और ऑक्सीजन सिलेंडर व केमिकल में लगातार ब्लास्ट होते रहे। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने हाईवे के दोनों तरफ कई किलोमीटर पहले से ही वाहनों को रोक दिया, जिससे लंबा जाम लग गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने साढ़े 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बॉर्डर से सटे बज्जू क्षेत्र में मिला संदिग्ध कबूतर, उर्दू में लिखा लगा हुआ रबर का छल्ला

**बीकानेर।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बज्जू में बॉर्डर से सटे शास्त्री नगर रोही इलाके में एक संदिग्ध सफेद कबूतर मिला है। स्थानीय ग्रामीण कमलेश के घर की छत पर यह कबूतर बैठा मिला। पहली नजर में आम दिखने वाला यह सफेद कबूतर जब करीब से देखा गया, तो इसकी गर्दन पर एक पुराना घाव और गड्ढे जैसा गहरा निशान पाया गया। इसके अलावा सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि कबूतर के एक पैर में रबर का छल्ला बंधा हुआ था, जिस पर उर्दू भाषा में कुछ शब्द और अंक अंकित हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत बज्जू पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कबूतर को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया यह मामला अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि से जुड़ा हो सकता है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

### ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय सम्मेलन का अमित शाह ने किया शुभारंभ

# सुरक्षा बलों के त्याग और तपस्या के कारण ही हम सुरक्षित : शाह

एजेंसी

**आबूरोड।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे कर देश पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अमित शाह गुरुवार को आबूरोड (सिरोही) में ब्रह्मकुमारीज संस्थान पहुंचे थे। यहां उन्होंने 'सिक्योरिटी फोर्सेज के कर्मचारियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण' विषय पर संबोधन दिया।

कार्यक्रम में शाह ने कहा- सुरक्षा बलों के त्याग और तपस्या के चलते ही हम सुरक्षित हैं। राज्यों की पुलिस कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान करती है। यह कार्य उनके लिए काफी तनावपूर्ण होता है। हिंसक परिस्थितियों से जूझने के समय उनका मन तनाव में रहता है। ऐसे में संस्थान की ओर से उनके मानसिक तनाव को दूर करने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए मैं साधुवाद देता हूं।

### यहां आकर शांति का अनुभव हुआ

शाह ने कहा- दादा लेखराज कृपलानी जी ने संस्थान की स्थापना कर समाज को शांति का संदेश दिया। मैं उन्हें नमन करता हूं। मैंने बहुत सुना था कि यह संस्थान योग और ध्यान के माध्यम से विश्व में साधना का दीप प्रज्वलन करने का कार्य कर रहा है। एक अद्भुत शांति का अनुभव



मुझे यहां मिला है। जीवन में गुरु मिलने पर सन्मार्ग पर चलने का रास्ता मिलता है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान को चलाने में मातृशक्ति का अहम योगदान है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है। इससे पहले, ब्रह्मकुमारीज संस्थान पहुंचने पर गृहमंत्री शाह और सीएम भजनलाल शर्मा का इलायची की माला व राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शाह को सोमनाथ मंदिर की तस्वीर भी भेंट की गई। गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शाह देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी : भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- गृहमंत्री अमित शाह सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी होने के साथ-साथ देश की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के भी संभागी हैं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा, संवैधानिक सुधारों और राष्ट्रीय अखंडता को सशक्त करने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनकी प्रतीक्षा देश दशकों से कर रहा था। अनुच्छेद 370 का स्थायी समाधान करते हुए कश्मीर घाटी में शांति, नवाचार और प्रगति की नींव रखने वाला ऐतिहासिक कदम उठाया है।

# उलाहेड़ी में बाबा पहाड़ी वाले का विशाल भंडारे का आयोजन

मरुधर विशेष




**मुंडावर(सुनील मेघवाल/रमेश चंद)** मुंडावर कस्बे के समीपवर्ती गांव उलाहेड़ी में गुरुवार को श्री श्री 1008 बाबा पहाड़ी वाले के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।भंडारे के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इन्द्र यादव ने कहा कि बाबा पहाड़ी वाले का आशीर्वाद हम सभी क्षेत्रवसियों पर बना रहे और बाबा पहाड़ी वाले के आशीर्वाद से हमारे क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन कायम रहे। किसानो की फसल अच्छी हो ऐसे प्रोग्रामों से हमारे क्षेत्र में आपसी भाईचारा बना रहे और इस समय फसल कटाई का समय चल रहा है तो बाबा के आशीर्वाद से हमारी फसल सही सलामत घर पहुँच जाए। हम सभी लोगो को मिलकर हमारे यहाँ के मंदिरों को भव्य और शानदार बनाना चाहिए और हम सभी लोगो को हमारे क्षेत्र में सनातन धर्म को आगे बढ़ाना चाहिए और इस नेक काम में सभी को अपनी अपनी भागीदारी बढ़ा चढ़ाकर हिस्सा लेना चाहिये और हमारे क्षेत्र के युवाओं को पढ़ लिख कर आगे बढ़ना चाहिए ।हमारे क्षेत्र में युवा पढ़ेगे लिखेंगे तो हमारे क्षेत्र आगें बढ़ेगा और हमारे समाज में चल रही कुप्रथाओं पर रोक लगानी चाहिए। युवा साथियों को पढ़ाई की और ध्यान देना चाहिए ने की ग़लत कार्यो पर। कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकार के द्वारा बाबा का गुणगान किया गया।इस अवसर जयसिंह सरपंच ,सूबेदार लालसिंह,विक्रम सिंह यादव,रामपाल वैध,जगराम पूर्व सरपंच,करण ठेकेदार,धर्मेंद्र युवा नेता ,जयपाल ,अखिलेश,सचिन अजीत,हैप्पी शर्मा,मुनीम,वीरेंद्र,मीनू पर ग्राम विकास समिति के सदस्य और आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

# बागेश्वर धाम सरकार को दिया लिमथान का न्यौता गो वंश प्रकरण की दी जानकारी

## विवेकानंद महाराज ने धीरेन्द्र शास्त्री से रतलाम में की चर्चा

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



**बांसवाड़ाः** मध्य प्रदेश के रतलाम में आये बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री को 30 अप्रैल से 2 मई तक जिले के लिमथान में प्रस्तावित 108 कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ में आने का न्यौता दिया है। स्वामी विवेकानंद महाराज ने शास्त्री से हेली पेड पर मुलाकात कर लिमथान के ऐतिहासिक स्थल की जानकारी दी एवं अनुष्ठान में आने का आग्रह किया। डीपी ज्वेलर्स के कार्यक्रम में आये बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री महाराज को बांसवाड़ा में 52 ट्रकों में पकड़े गए गो वंश को कसाइयों से और बूचड़ खानो से बचाने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही कराने का आग्रह किया। बागेश्वर सरकार ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर उक्त मामले में कार्यवाही कराने की बात कही। उन्होंने घटना की निन्दा करते हुए गो वंश बचाने हेतु बांसवाड़ा जिले के गो भक्तो के उत्साह पर बधाई दी। इस अवसर पर परशुराम जयंती से शंकराचार्य जयंती तक होने वाले ऐतिहासिक 108 कुंडीय विराट श्री विष्णु महायज्ञ, 11000 कलश यात्रा के दिन लिमथान धाम पर आने का निमंत्रण दिया गया। शास्त्री जी ने धार्मिक अनुष्ठान में आने का आश्वासन देते हुए आयोजन के निर्विध्न सम्पन्न होने के लिए बालाजी महाराज का आशीर्वाद दिया। उन्होंने बांसवाड़ा जिले के सर्व सनातन हिंदू समाज को भव्य दिव्य आयोजन की हृदय पूर्ण अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर विवेकानंद महाराज के साथ लिमथान महायज्ञ के संयोजक विनोद पानेरी भी उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट कार्यो के लिए डॉ नेहा राज्य स्तरीय पुरुस्कार से सम्मानित

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए मिला सम्मान

मरुधर विशेष



**दिनेश लेखी** खेरली । अग्रसेन महिला महाविद्यालय खेरली की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी डॉ नेहा गोयल को समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ओटीस जयपुर में बुधवार को आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा, रासेयो क्षेत्रीय निदेशक एस पी भटनागर, राज्य संपर्क अधिकारी के के कुमावत की मौजूदगी में डॉ नेहा को ये सम्मान मिला। वर्ष 2023-24 के लिए अलवर जिले का एक मात्र महाविद्यालय को इस सम्मान से सम्मानित किया गया। अग्रसेन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने बताया कि नेहा को गणतंत्र दिवस परेड में दलनायक के रूप में कार्य करने हेतु भी राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले इस सम्मान के लिए डॉ नेहा एवं संस्थान के मंत्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता,गोपेश गोयल, लखमी कंसल, शशि कांत बंसल, हेमंतगुप्ता, सुरेन्द्र गोयल ने हर्ष व्यक्त करते महाविद्यालय प्रशासन को बधाई दी।

# मक्खन का नंगाला के ग्राम वासियों ने परिसीमन के विरोध में एसडीएम को सौपा ज्ञापन

मरुधर विशेष



**दिनेश लेखी कठूमर।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम मक्खन का नंगला के ग्राम वासियों ने परिसीमन के विरोध में एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल को आपत्ति दर्ज करा ज्ञापन पत्र सौंपा।

मक्खन के ग्राम वासियों ने ज्ञापन में बताया कि राजस्व ग्राम मक्खन का नंगला जो कि सौंखरी ग्राम पंचायत में समलित था। उसे वर्तमान में चल रहे पंचायत पुनर्गठन द्वारा नवनिर्मित ग्राम पंचायत कानेटी में शामिल कर दिया गया है जो कि नवसृजन हेतु निर्धारित मानदण्डों को पूरा नहीं करता है। नवनिर्मित ग्राम पंचायत के समस्त राजस्व ग्राम एक-दूसरे से सटे हों किसी दूसरी ग्राम पंचायत की सीमा इसे पृथक नहीं करती हो जबकि नवनिर्मित ग्राम पंचायत कानेटी व राजस्व ग्राम मक्खन का नंगला के बीच सौंखरी ग्राम पंचायत की राजस्व सीमा है जो कि इसे ग्राम पंचायत मुख्यालय से पृथक करती है। किसी ग्राम के निवासियों की मांग व प्रशासनिक दृष्टि से यह राजस्व ग्राम मक्खन का नगला जो कि मूल रूप से सौंखरी ग्राम से ही पृथक कर बनाया गया है। पारिवारिक दृष्टि से अधिकतर परिवार दोनों ग्राम में बसे हुये हैं। इसे दूसरी नवनिर्मित ग्राम पंचायत कानेटी में शामिल करने से आपसी भाईचारे पर प्रभाव पडेगा।

उपरोक्त स्थिति में यदि ग्राम मक्खन का नंगला को सौंखरी से पृथक कर प्रस्तावित नवीन ग्राम पंचायत कानेटी में जोडा जाता है तो कोई भी मतदाता अपने मत का प्रयोग शायद ही कर पायेगा । प्रस्तावित नवीन ग्राम पंचायत कानेटी में ग्राम मक्खन का नंगला को जोडा जाता है तो ये हम सभी ग्रामवासियों के साथ घोर अन्याय होगा और ग्राम वासियों को हमारे परिवारजनों से अलग करने जैसा कृत्य होगा। इस मौके पर अरविंद अवस्थी, हरदयाल अवस्थी, रामवतार अवस्थी, गांगीराम, लहरी प्रसाद, बच्चू अवस्थी, कल्याण अवस्थी, नरेश अवस्थी, रामकिशोर अवस्थी, ब्रह्मानंद अवस्थी, सुभाष अवस्थी, बृजेश शर्मा मौजूद थे।

# राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय को मिला राज्य स्तरीय पुरूस्कार

## सत्र 2021-22 में राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य पर मिला पुरूस्कार



मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना के उत्कृष्ट कार्य हेतु सत्र 2021-22 का राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा बुधवार 16 अप्रैल को राजधानी जयपुर में राज्यपाल, उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री ने भव्य समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु सत्र 2021-22 का राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान के अंतर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में सत्र 2021-22 हेतु संस्था के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस अवसर पर आयुक्त कॉलेज शिक्षा डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने संदेश के रूप में कहा कि हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये आशा करते हैं कि आपके द्वारा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में भविष्य में भी नये प्रतिमान स्थापित किये जायेंगे। इस दौरान राज्य समन्वयक डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक, सरकारी व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं,त्वरित समाधान के निर्देश

मरुधर विशेष

**बाड़मेर,** जिला मुख्यालय पर अटल सेवा केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इधर, वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जिला कलक्टर्स समेत अन्य विभागीय अधिकारियों का फील्ड में रहते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्थानीय स्तर पर आमजन की समस्याओं का यथासंभव समाधान करने का प्रयास करें। ताकि आमजन को जन सुनवाई में जिला मुख्यालय पर नहीं आना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप संवेदनशीलता के साथ आमजन की परिवेदनाएं सुनते हुए त्वरित निस्तारण किया जाए। जिला स्तरीय जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने जोधपुर डिस्काम एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल के दौरान बिजली एवं पानी की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिए किसी भी स्तर पर आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनायें, दिये निर्देश

## जनसुनवाई बन रही है आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण का सशक्त माध्यम

मरुधर विशेष





**कोटपूतली,** आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को नये कलेक्ट्रेट भवन के वी.सी. कक्ष में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुये। जिला कलक्टर ने प्रकरणों के नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थायें बनाकर रखें। जिससे आगंतुकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने अधिकारियों से आमजन के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ सुनने के निर्देश देते हुये कहा कि आने वाला समय पेयजल, बिजली एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की दृष्टि से संवेदनशील है। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आपसी समन्वय से आमजन के हितार्थ कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने अधीनस्थ कार्यालय के कार्यों की मॉनिटरिंग करें व निचले स्तर तक निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवायें। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं का प्रभावी रूप से निस्तारण करें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो व बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, स्थानीय स्तर पर ही निराकरण कराकर राहत प्रदान करें तथा सेना के जवानों, बुजुर्ग व महिलाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता से लेंवे। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगते हुये कहा कि बिना अनुमति के कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी अनुपस्थित ना रहें। साथ ही जिला कलक्टर ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुनवाई और रात्रि चौपाल को प्राथमिकता से ले। जनसुनवाई में रास्ता खुलवाने, पट्टा संबंधी प्रकरण, नक्शे में शुद्धिकरण करने, कृषि भूमि पर सीमांकन, पत्थरगढ़ी करने, कब्जा हटवाने, रास्ता अतिक्रमण, एनएफएसए संबंधी, परिसीमन, पुनर्गठन पर आपत्तियां, विद्युत कनेक्शन करवाने, अवैध अतिक्रमण हटाने, सफाई कराने, पेयजल व सडक़ निर्माण कराने सहित अन्य प्रकरण आये। इस दौरान सतर्कता के प्रकरणों की भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, पुलिस संबंधी, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर किया जायें। ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनसुनवाई में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश कुमार, एएसपी वैभव शर्मा, डीएसओ शशि शेखर शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

**राशन कार्ड में हाथों-हाथ कराई आधार सीडिंग** :- जनसुनवाई के दौरान पावटा तहसील के ग्राम जोधपुरा निवासी सीमा देवी राशन कार्ड में उनके पुत्र का नाम जुड़ा होने लेकिन आधार सीडिंग नहीं होने का प्रकरण लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंची। मामले की जानकारी प्राप्त कर जिला कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुये जनसुनवाई में मौजूद जिला रसद अधिकारी को तुरंत आधार सीडिंग कराकर परिवादी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। जिस पर डीएसओ ने तुरंत परिवादी के दस्तावेज प्राप्त कर मौके पर ही आधार सीडिंग कराकर परिवादी को राहत प्रदान की। परिवादी ने कलेक्टर व जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जयपुरः पुलिस मुख्यालय से बड़ी खबर 1 वर्ष से अनुपस्थित चल रहे SI मनीष कुमार मीणा को दिया अंतिम अवसर,

मरुधर विशेष

**SP** इंटेलिजेंस रतन कुमार ने जारी किया अंतिम नोटिस, 1 अप्रैल 2024 से अनुपस्थित चल रहा स्ब्ह मनीष कुमार, 16 सीसीए में कारण बताओं नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के लिए दिया गया अंतिम अवसर, मनीष मीणा ने अपने स्थान पर डमी कैंडिडेट बैठा पास की थी परीक्षा, 2020 से इंटेलिजेंस में स्ब्ह के पद पर तैनात था मनीष, तीन भर्ती परीक्षाओं में कई अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी कैंडिडेट बैठा उन्हें परीक्षा पास करवा चुका मनीष गिरोह का सरगना मनीष मामला उजागर होने के बाद हो गया फरार, जिस पर SOG ने रखा मनीष पर 25 हजार रुपए का इनाम

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव अप अभियान

## स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की अवधि 30 अप्रैल

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित अपात्र श्रेणी के परिवारों को स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गिव अप अभियान के तहत निष्कासित श्रेणी के परिवार जिला रसद अधिकारी कार्यालय/एस.डी.ओ. कार्यालय या उचित मूल्य दुकान से फॉर्म लेकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवा सकते है। जिला रसद अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तर पर उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग ली जाकर इस अभियान का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक विराटनगर, पावटा, बानसूर, नारायणपुर, उपखण्ड में उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग लेकर गिव अप अभियान में अपात्रों को जागरूक कर स्वैच्छा से राष्ट्र हित में अपना नाम एनएफएसए सूची से हटाने का आह्वान किया गया। सभी डीलर्स को भी राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा गिव अप अभियान का व्यापक प्रचार-प्रचार करने के निर्देश दिये गये। अब तक जिले में 1463 राशन कार्ड एवं 6599 यूनिट हटाये जा चुके है। गिव अप अभियान में निष्कासित श्रेणी के जिन परिवारों द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम नहीं हटाया जायेगा, उनसे 27 रूपये प्रति किग्रा गेंहू की दर से वसूली एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुरूप विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिला रसद अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित निष्कासित श्रेणी के 20 परिवारों को नोटिस जारी किये जा चुके है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की गाइडलाईन जारी की गई है। जिसमें ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो। एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो। परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायत संस्थाओं में कार्यरत कार्मिक आदि परिवार निष्कासन की श्रेणी में आते है।

दायित्व ग्रहण एवं परिवार सह मिलन कार्यक्रम आयोजित

# नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण करवाया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** भारत विकास परिषद् शाखा कोटपूतली का दायित्व ग्रहण एवं परिवार सह मिलन कार्यक्रम राजमार्ग स्थित होटल दीवान में भारत विकास परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने भारत विकास परिषद् के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की महत्ता स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि इनके बिना परिषद् का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। इसलिये परिषद् के प्रत्येक सदस्य को सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण की भावना अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि भारत विकास परिषद् के प्रांतीय संगठन सचिव संजीव भार्गव ने कहा कि इस बदलते परिवेश में परिवारों के संरक्षण एवं संस्कारों की महत्ती आवश्यकता है। परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करें, परस्पर बातचीत करें, मोबाईल का उपयोग आवश्यकता के हिसाब से करें, बच्चे मोबाईल से जितना सम्भव हो उतना दूर रहें। अध्यक्षता करते हुये डॉ. वासुदेव गुप्ता ने कोटपूतली शाखा द्वारा वर्ष पर्यन्त किये जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश दीवान ने स्थानीय शाखा को और प्रभावी बनाने की बात कही। शाखा सचिव बजरंग लाल शर्मा ने शाखा की सदस्यता बढ़ाने एवं समय-समय पर परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम करवाने पर बल दिया। वित्त सचिव अनिल बंसल ने शाखा के सामने वित्त की समस्या नहीं आने दी जायेगी का आश्वासन दिया। मंचस्थ अतिथियों का परिचय एवं स्वागत अरविन्द शरण बंसल, विनोद कुमार गोयल, उमराव लाल, रामसिंह यादव ने माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर किया। प्रांतीय पदाधिकारियों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण करवाया। डॉ. मनोज गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। संचालन एड. अशोक सुरेलिया ने किया। राष्ट्रगान के साथ दायित्व ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत परिवार सह मिलन कार्यक्रम में श्याम शक्ति मंडल ट्रस्ट कोटपूतली के सानिध्य में डफ और छग की ताल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें परिषद् के सदस्यों ने सपरिवार आनंद लिया। इस दौरान प्रेम कुमार गुप्ता, डॉ. के एम गुप्ता, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथली शरण बंसल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, भारत बंसल, दीपक कुमार अग्रवाल, डॉ. अरविंद मित्तल, मनोज गर्ग, शिव प्रकाश शर्मा, नरेश बंसल, अनिल अग्रवाल, डॉ. एस. एम. यादव, डॉ. के एल मीणा, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. महेंद्र पलसानियां, डॉ. दीपक मित्तल, अशोक गुप्ता, राजकुमार सैनी, राकेश खजांची, रवि शंकर, राजेश मोरीजावाला, हेमंत गुप्ता, भवानी शंकर छीपी, सुभाष गुप्ता, पूरण सैनी, उमेश बंसल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-खुन्दरोठ**

**पंचायत समिति-नीमराना (अलवर) राज.**

क्रमांक:169 दिनांक: 16-04-2025

**ई-निविदा सूचना**

इच्छुक फर्म/संस्थाओं से वित्तिय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत निम्न कार्यों को संपादित करने के लिए दिनांक: 23/04/2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर निविदायें निर्धारित प्रपत्र में https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है जिनका विवरण निम्न प्रकार है Tender ID-2025-PRD-459540_1, 2025-PRD-459545-1, 2025-PRD-459579-1, 2025-PRD-459579-1 निविदा शर्तें विभागीय पोर्टल EPROC पर एवं कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। प्राप्त ऑनलाईन निविदा दिनांक: 24/04/25 को दोपहर 1:00 बजे से खोली जायेगी।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खंदरोठ
पंचायत समिति नीमराना
(कोटपूतली-बहरोड़)

सरपंच
ग्राम पंचायत खंदरोठ
पंचायत समिति नीमराना
(कोटपूतली-बहरोड़)

# एसपी ऑफिस पहुंचे 52 सरपंच और पूरा गांव, 1 साल पुराने मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग

**जयपुर**

राजस्थान में लेन-देन के मामले में पंचायती में पैसे देने की बात पर समझौता होने के बाद देनदार पक्ष पर अपहरण और बंधक बनाने का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का आरोप लगा. गुरुवार को राष्ट्रीय सरपंच एसोसिएशन के बैनर तले 52 पंचायतों के सरपंचों और जमाल के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा और उच्च स्तरीय जांच की मांग रखी. सरपंच एसोसिएशन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष बेनीवाल ने बताया कि FIR No. 42/2024 में भारतीय दंड संहिता की धारा 365, 342 और 323 के तहत गोगामेड़ी थाना में दर्ज की गई थी. जिसमें भरवाना निवासी परिवादी विनोद कुमार जो शराब ठेके पर कार्यरत है उन्ही के द्वारा यह मामला दर्ज कराया गया था. प्रारंभिक जांच में तत्कालीन अनुसंधान अधिकारी ने जांच करते हुए जमाल और भरवाना गांव के लोगों के बयान लिए और 24 दिसंबर 2024 को यह रिपोर्ट झूठी और तथ्यहीन पाई गई. पुलिस अधीक्षक से मिले प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि



अनुसंधान अधिकारी के स्थानांतरण के बाद नए थाना प्रभारी ने कथित रूप से राजनैतिक दबाव में आकर पंचायत से जुड़े लोगों को इस मामले में झूठा आरोपी बनाना शुरू कर दिया. एसोसिएशन पदाधिकारियों ने ये आरोप भी लगाया गया कि बिना किसी नई जांच या सबूत के, अनुसंधान अधिकारी जन प्रतिनिधियों के घरों पर दबिश दे रहे हैं और उन्हें गिरफ्तार करने का दबाव बना रहे हैं.

सरपंचों और ग्रामवासियों का कहना है कि जिस घटना का जिक्र FIR में किया गया है, वह असल में हुई ही नहीं थी. बल्कि यह मामला केवल पैसे के लेन-देन का था, जिस पर पहले कई बार पंचायतें भी हो चुकी हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंचायतों में शामिल गणमान्य और जिम्मेदार लोगों को झूठे मामलों में फंसाया गया, तो इससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ेगा और भविष्य में कोई भी व्यक्ति पंचायत करने से कतराएगा. सरपंच संघ ने कहा कि इलाके में इस घटनाक्रम को लेकर आमजन में रोष है. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि वे स्वयं इस मामले की निगरानी में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करवाएं, ताकि ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास बना रहे. अगर अभी भी सही जांच नहीं हुई तो संघ मुख्यमंत्री से मिलेगा. ज्ञापन देने के दौरान सभी ने मांग की है कि सबूतों, गवाहों और सत्य के आधार पर मुकदमे की जांच हो, न कि राजनीतिक प्रभाव में आकर निर्दोष लोगों को मामले में प्रताड़ित किया जाए.

## कोटा में कार पलटी, दो दोस्तों की मौत, परिवार के इकलौते बेटे थे दोनों




**कोटा**

पेड़ से टकराकर कार खेत में पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों रिसॉर्ट में खाना खाकर लौट रहे थे। हादसा बुधवार देर रात 11 बजे कोटा के बोरखेड़ा इलाके में हुआ। दोनों परिवार के इकलौते बेटे थे। बोरखेड़ा थाना सीआई देवेश भारद्वाज ने बताया- चंद्रेसल और मानपुर के बीच में हादसा हुआ है। इसमें गौरव खींची (25) और राहुल मीणा (25) की मौत हो गई। दोनों कोटा के दुर्गा नगर, पूनम कॉलोनी के रहने वाले थे। तीन महीने पहले ही गौरव कनाडा से एग्रीकल्चर की पढ़ाई करके लौटा था। उसका दोस्त राहुल मीणा दुर्गा नगर (कोटा) में लाइब्रेरी चलाता था। राहुल मूल रूप से बूंदी जिले के हिंडोली तहसील के पेच की बावड़ी का रहने वाला था। बुधवार की रात गौरव और राहुल तुलसी रिसॉर्ट में खाना खाने गए थे। वहां से लौटने के दौरान 120 फीट रोड पर उनकी कार का बैलेंस बिगड़ गया। कार पेड़ से टकराकर खेत में पलट गई। दोनों गाड़ी में फंस गए थे। हादसा रिसॉर्ट से करीब 500 आगे चलकर हुआ। उस इलाके से कुछ महिलाएं निकल रही थीं। उन्होंने कुछ राहगीरों को रुकवाया और दुर्घटना की जानकारी दी। उनमें गौरव का एक रिश्तेदार भी था। भीड़ देखकर वह रुक गया। उसने गौरव की पहचान की और उसके परिवार वालों को सूचना दी। दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला गया और हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। दोनों को अंदरूनी चोटें आई थीं। राहुल के ताऊ धनराज मीणा ने बताया- गौरव तीन महीने पहले ही कनाडा से एग्रीकल्चर की पढ़ाई करके लौटा था। उनके पिता रेलवे में नौकरी करते हैं। राहुल मीणा के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। 2 महीने पहले ही उसने लाइब्रेरी शुरू की थी। दोपहर 12 बजे पुलिस ने बिना पोस्टमॉर्टम के ही शवों को परिवार वालों को सौंप दिया।

## उदयपुर में घर में आग लगी, जिंदा जले भाई-बहन



**उदयपुर**

उदयपुर में एक कच्चे मकान में लगी आग से दो नाबालिग जिंदा जल गए। झुलसे मां-बाप चार में से केवल दो ही बच्चों को आग से बाहर निकाल सके। हादसा इतना दर्दनाक था कि मासूम भाई-बहन कुछ मिनटों ही पूरी तरह जल गए। उनकी बॉडी कोयले जैसी हो गई थी। घटना पाटिया थाना क्षेत्र के छतरी इलाके की बुधवार रात 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार आग छतरी के रहने वाले प्रभुलाल गमेती (48) के घर पर लगी थी। प्रभुलाल की घर के बाहर ही चाय की दुकान है। सोमवार रात अचानक ही उनके कच्चे मकान में तेजी से आग लग गई। कुछ मिनटों में उनके चारों बच्चे आग में घिर गए। प्रभुलाल पत्नी पुष्पा (42) के साथ घर के अंदर भागे, लेकिन दो ही बच्चों को बाहर निकाल सके। दो बच्चे उनकी आंखों के सामने ही आग में जल गए। मां-बाप की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी बच्चों को निकालने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हादसे में जीनल गमेती (14) और सिद्धार्थ गमेती (8) की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी बॉडी कोयले की तरह हो गई थी। बच्चों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। वहीं, मां-बाप ने 10 के बेटे सुमित और 9 साल की बेटी सकीना को मुश्किल से बचा लिया। थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभुलाल की बेटी सरकारी स्कूल में 8वीं में और बेटा तीसरी कक्षा में पढ़ता था। घर में आग शॉर्ट सर्किट से लगी या पेट्रोल से लगी है। फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों नाबालिगों के शव खेरवाड़ा हॉस्पिटल में रखवाए गए हैं। जहां गुरुवार को उनका पोस्टमार्टम होगा। वहीं, मृतक के माता-पिता का इलाज जारी है। घायल प्रभुलाल की भाभी गीता बाई ने बताया कि छत पर छोपड़ी और तिरपाल लगा था। पास में बिजली का पोल है जिसका तार छत पर टूट कर गिर गया। जिसके बाद घर में आग लग गई।

## एक महीने बाद कब्र से निकाला महिला का शव, 15 मार्च को हुई थी मौत



**सवाई माधोपुर**

मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के शेषा गांव में 15 मार्च को एक विवाहिता की मौत हो गई थी। जिसके बाद पीहर पक्ष के लोगों ने एक अप्रैल को पति, सास-ससुर और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने मलारना डूंगर एसडीएम के आदेश पर एक महीने के बाद आज शेषा गांव के कब्रिस्तान से महिला के शव को बाहर निकलवाया गया और मेडिकल जूरिस्ट नरेंद्र सिसोदिया के नेतृत्व में चार सदस्यीय मेडिकल टीम से मौके पर पोस्टमॉर्टम करवाया। जांच अधिकारी डिप्टी उदय सिंह मीणा ने बताया कि 15 मार्च को शेषा गांव में नजराना बानो की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन पीहर और ससुराल पक्ष के लोगों की लिखित सहमति के चलते पुलिस ने महिला का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया। जिसके बाद एक अप्रैल को मृतक नजराना बानो की मां फरसाना बानो पत्नी इलियास खान निवासी करमोदा ने मृतक महिला के पति, सास, ससुर और देवर व ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया। जिस पर एसडीएम के आदेश पर महिला के शव को कब्र से बाहर निकालकर चार सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमॉर्टम किया।

## कार से टकराकर 15 फीट गहरी खाई में गिरी वैन, धमाके के बाद लगी आग में जिंदा जल गया ड्राइवर

**भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा में एक कार और वैन की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में वैन उछलकर पुलिया से नीचे जा गिरी। धमाके से उसमें आग लग गई और ड्राइवर जिंदा जल गया। हादसा भीलवाड़ा शहर से 55 किलोमीटर दूर मांडलगढ़ थाना इलाके में नेशनल हाईवे 27 पर फूलजी खेड़ी गांव के कट पर गुरुवार दोपहर 12 बजे हुआ। मांडलगढ़ थाना प्रभारी जतिन जैन ने बताया- इको वैन में मांडलगढ़ (भीलवाड़ा) निवासी राजकुमार (35) पुत्र सोहनलाल ब्रह्मभट्?ट था। वह अकेला मांडलगढ़ से बेगूं किसी काम से जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद वैन पुलिया से उछलकर 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। वैन में धमाके से आग लग गई। राजकुमार जिंदा जल गया। हादसे के बाद लोगों ने मांडलगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर मांडलगढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची। जिस कार से वैन की भिड़ंत हुई उसमें सवार परिवार गुजरात के राजकोट जिले के गुलाब नगर का रहने वाला है। कार हरि भाई चला रहा था। हादसे में हरि भाई घायल हो गया। उसकी पत्नी पूनम, दो बेटियां किरण (17 ) नंदिनी (5 ) और बेटे विकास (22) को



मामूली चोटें आईं। सभी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हरि भाई को प्राथमिक उपचार के बाद चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया गया। हरि भाई अपने परिवार के साथ राजकोट (गुजरात) से झालावाड़ जा रहा था। इसी दौरान कार हादसे का शिकार हो गई। मांडलगढ़ थाना प्रभारी जतिन जैन ने बताया- इको कार में गैस किट लगा था। ऐसे में एक्सीडेंट के बाद खाई में गिरते ही कार में धमाका हुआ और आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और दुर्घटनाग्रस्त कार को रोड से हटाया। ड्राइवर का शव मांडलगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

## रसद विभाग की टीम ने अवैध पेट्रोलियम पदार्थ पकड़ा



**श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर में आज जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशन पर करणपुर इलाके में जिला रसद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ पकड़ा। जिसे घर मे अवैध रूप से भंडारण कर रखा था। श्रीकरणपुर उपखंड अधिकारी श्योराम के नेतृत्व में रसद विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने श्रीकरणपुर क्षेत्र के गांव 41 एफ में छापा मारकर 10,350 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किया है। कार्रवाई ग्राम पंचायत 43 जीजी (खरला) के अंतर्गत एक अहाते में की गई, जहां अवैध रूप से बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ संग्रहित किया गया था। टीम को मौके से 16 प्लास्टिक की टंकियां, 2 बिजली की मोटर और 1 डिस्पेंसिंग यूनिट (एस्सार कंपनी की) बरामद हुई, जो कि अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। उपखंड अधिकारी श्योराम ने बताया कि मौके पर अहाता मालिक बलकार सिंह पुत्र लखवीर सिंह, निवासी 6-एनजेडपीए, वीपीओ श्यामगढ़, तहसील रायसिंहनगर उपस्थित मिला। बरामद पेट्रोलियम पदार्थ का मौके पर ही सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। कार्रवाई में तहसीलदार श्रीकरणपुर गिरधारी सिंह, प्रवर्तन अधिकारी पूजा अग्रवाल, प्रवर्तन निरीक्षक धर्मपाल, तथा पुलिस विभाग से एएसआई श्योपतराम (थाना केसरीसिंहपुर) उपस्थित रहे। संयुक्त टीम नेनिरीक्षण कर जब्त सामग्री को सील कर दिया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 6-ए के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय जिला कलेक्टर में प्रस्तुत किया जाएगा।

## नागौर में एक साथ निकले 3 जनाजे, बोलेरो ने बाइक सवार मां-बेटे और पोते को कुचला

**नागौर**

नागौर में बुधवार रात एक सड़क हादसे में एक परिवार की 3 जिंदगियां थम गईं। बीमार भाई से मिलकर लौट रही एक बहन, उसका बेटा और मासूम पोता बेकाबू बोलेरो की चपेट में आ गए। अंबाली चौराहे पर बाइक में हवा भरवाते समय हुए इस हादसे में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मां को कैंपर 100 फीट तक घसीटता ले गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गुरुवार को जब एक ही परिवार के तीन जनाजे उठे तो पूरा गांव गमगीन हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके हादसे की जांच शुरू कर दी है। बरनेल गांव की चोटियों की ढाणी निवासी बाना बानो (45) बुधवार को नजदीकी गांव शेरानी आबाद में अपने बीमार भाई से मिलने आई थी। बेटा अहमद रजा (22) मां को बाइक पर बैठाकर लाया था। अहमद का भतीजा आरुस (10) भी उनके साथ आया था। शेरानी आबाद से लौटते समय अंबाली चौराहे पर अहमद ने बाइक के टायर में हवा डलवाने के लिए रुका। रात करीब 8.30 बजे तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से अहमद और आरुस उछलकर दूर जा गिरे, जबकि बाना कैंपर के नीचे फंस गईं। लोगों ने बताया कि ड्राइवर ने बाना को करीब 100 फीट तक घसीटा। गाड़ी मिट्टी में





फंसने के बाद आरोपी कैंपर छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कैंपर के पीछे आ रही दूसरी कार में कुछ लोग उतरे, ड्राइवर और कैंपर का सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर जुटे लोगों ने पुलिस को घेर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। लोग छोटी खाटू सीएचसी के बाहर धरने पर बैठ गए। रात 1.30 बजे एएसआई रामप्रकाश समेत अन्य पुलिसकर्मियों को घेर लिया। रात करीब 2 बजे मामला शांत हुआ। गुरुवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पार्टी में डांस कर रहे दूल्हे के चाचा की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

**बूंदी**

दी में शादी समारोह की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब डीजे पर डांस करते हुए दूल्हे के चाचा की अचानक मौत हो गई। घटना बुधवार रात लाखेरी रेलवे स्टेशन के पास एक गार्डन में हुई, जहां रिसेप्शन समारोह में दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर बैठे थे और मेहमान डीजे फ्लोर पर डांस कर रहे थे। मृतक कुछ समय पहले ही भारतीय सेना से रिटायर्ड हुए थे। समारोह में शामिल मृतक के चचेरे भाई मुरली योगी ने बताया कि रामप्रताप जोगी (45) हाल ही में भारतीय सेना से रिटायर्ड होकर कोटा शिफ्ट हो गए थे। भतीजे कुंदन योगी की शादी में शामिल होने के लिए 10 दिन से लाखेरी स्टेशन आए हुए थे। बुधवार रात को रिसेप्शन समारोह डीजे पर नाच रहे थे। इसी दौरान वे अचानक नीचे गिर पड़े और दोबारा नहीं उठे। तुरंत डीजे बंद करवाया और उनको संभाला, जब काफी देर तक होश नहीं आया, तो अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार परिजन जब तक रामप्रताप को अस्पताल लेकर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी मौत साइलेंट हार्ट अटैक से हुई है। परिवार ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव को बिना पोस्टमॉर्टम परिजनों को सौंप दिया।

## गर्लफ्रेंड से शादी में पत्नी रोड़ा बनी तो मार डाला, दोनों गिरफ्तार

**अजमेर**

अजमेर में भजन गायक ने 6 महीने की गर्भवती पत्नी का गला घोंटकर मार डाला। हत्या के बाद प्रेमिका को कॉल कर कहा- हमारी योजना के अनुसार पत्नी को मार दिया है। आरोपी ने अपने ससुराल वालों और परिवार को गुमराह करने के लिए कभी हार्टअटैक और कभी सुसाइड करने की बात कही। पुलिस को भी बार-बार गुमराह करता रहा। जब सख्ती से पूछताछ की तो प्रेमिका के साथ वारदात करना कबूला। मामला मांगलिया वास थाना क्षेत्र के गांव डोडियाना का 14 अप्रैल का है। पुलिस ने गुरुवार (17 अप्रैल) को आरोपी भजन गायक शिवजी (33) और उसकी प्रेमिका रेखा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और रेखा 5 साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों शादी करना चाहते थे। इसलिए पत्नी को रास्ते से हटाने



के लिए प्लानिंग की थी। मांगलियावास थाने के प्रभारी एसआई रामस्वरूप ने बताया- पुलिस को सूचना मिली थी कि डोडियाना में रहने वाली गर्भवती शोभादेवी (24) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौके पर जाकर देखा तो उसके मुंह से खून निकल रहा था और जीभ बाहर निकली हुई थी। गले पर भी निशान थे।मामले में महिला के पिता अमराराम ने 15 अप्रैल को हत्या का शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दी थी। उन्होंने शक जाहिर किया था कि दामाद का रेखा नाम की महिला से प्रेम-प्रसंग है। पुलिस ने घटना स्थल का मोबाइल फोरेंसिक यूनिट से निरीक्षण करवाया था। उसके बाद जेएलएनएच अजमेर से मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया था। एसआई रामस्वरूप ने बताया- मामले में आरोपी पति शिवजी पुत्र बीरमा निवासी डोडियाना मांगलियावास और उसकी प्रेमिका रेखा (30) पत्नी कालू निवासी मोडी नाडी जेठाना मांगलियावास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि शिवजी भजन गायक है। उसकी 5 साल पहले रेखा से माताजी के मंदिर डोडियाना में मुलाकात हुई थी। दोनों में मोबाइल पर बात होने लगी और मिलने लगे। बात प्रेम प्रसंग तक पहुंच गई। रामस्वरूप ने बताया- आरोपी प्रेमिका ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। इसके रास्ते में भजन गायक की पत्नी रोड़ा थी। ऐसे में दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। आरोपी पति 13 अप्रैल की शाम को अपने परिवार वालों को भजन संध्या में केसरपुरा जाने की बात कहकर निकल गया। उसी रात एक बजे के करीब अपने घर आया और छत पर सो रही पत्नी को जगाकर बातचीत की। इस बीच कपड़े के गमछे (साफी) से गला घोंटकर गर्भवती पत्नी की हत्या कर दी। डीएसपी अजमेर ग्रामीण रामचंद्र चौधरी ने बताया- आरोपी गुमराह करने के लिए कभी हार्टअटैक तो कभी सुसाइड करने की बात कहता रहा। पुलिस को भी बार-बार गुमराह करता रहा।

## रात को घर जाते समय हुआ हादसा हमीरपुर में खुले कुएं में गिरकर व्यक्ति की मौत कोटपूतली में इलाज के दौरान हुई मौत,

मरुधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर क्षेत्र में बुधवार की रात को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। हमीरपुर के राठौड़ा का बास में बुधवार की देर रात एक व्यक्ति की खुले कुएं में गिरने से मौत हो गई। एसडीएम अनुराग हरित ने तहसीलदार को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कुएं की स्थिति की जांच के लिए कहा है। हमीरपुर के पटवारी महेश मीणा ने बताया यह कुआं खातेदारी में है जिसमें 40-50 किसान हिस्सेदार हैं। जनवरी में खातेदारों को कुएं को ढकने का नोटिस दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। विशेष रूप से कोटपूतली के कीरतपुरा में ऑपरेशन चेतना के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में सभी खुले कुओं और बोरवेल को बंद करने के सख्त निर्देश दिए थे। लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में कई कुएं अभी भी खुले पड़े हैं।



## सोलर बोर्ड जल उपभोक्ता संगम की प्रबंध समिति के चुनाव हुवे संपन्न, बाबूलाल पारगी बने निर्विरोध अध्यक्ष



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** सज्जनगढ़ उपखण्ड की ग्राम पंचायत जालिमपुरा के राजस्व गांव गोयका पारगी में स्थित सोलर बोर्ड जल उपभोक्ता संगम की प्रबंध समिति के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष एवं सदस्यों को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद के लिए बाबूलाल पारगी और पांच सदस्यों को नियुक्त किया गया। जिसमे 1 कसना पारगी, 2 भुंडियाँ गरासिया, 3 हीरालाल बारिया, 4 बसु गरासिया, 5) मखजी भाई चुने गये। शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध चुनाव संपन्न होने पर भाजपा जिला महामंत्री और सरपंच प्रतिनिधि दीपसिंह वसुनिया ने निर्विरोध अध्यक्ष और सदस्यों और ग्राम पंचायत जालिमपुरा की जनता का आभार माना एवं संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है तथा इस परियोजना को धरातल पर उतारने का पूरा प्रयास करेंगे और लोगों से आह्वान भी किया की योजना को पूर्ण रूप से धरातल पर उतारने में अपना योगदान देने। साथ ही सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ लोगों को परियोजना को सुचारू रूप से चलाने तथा उसमें परियोजना में ग्रोथ लाने का संदेश दिया। जल उपभोक्ता संगम की प्रबंध समिति के चुनाव में चेयर मेन मंगला भाई, पूर्व उपप्रधान पारसिंह जी, डूंगरा मंडल महामंत्री कमलेश पारगी, भारत लाल पारगी, कालू सिंह गरासिया, कालू सिंह पारगी आदि उपस्थित रहे।

## अलवर में रामनवमी कार्यक्रम में योगदान देने पर खैरथल के निजी विद्यालय संचालकों किया सम्मान



मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील** खैरथल । राज ऋषि अभय समाज अलवर की और से खैरथल के निजी विद्यालय संचालकों द्वारा अलवर में आयोजित रामनवमी कार्यक्रम में योगदान देने पर गुरुवार को शहर के सिवाना रोड़ पर स्थित इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल प्रांगण में निजी विद्यालय संचालकों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान स्वागत किया गया है। इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल के निदेशक पंकज खुराना ने बताया कि अलवर में रामनवमी के पावन पर्व पर राज ऋषि अभय समाज अलवर द्वारा श्री राम की वेशभूषा में बच्चों की प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें खैरथल के निजी विद्यालय इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर पंकज खुराना, इंजियर्स पॉइंट स्कूल के डायरेक्टर आजाद चौधरी, एक्सिस स्कूल के डायरेक्टर सुनील यादव, एनडी गंगा स्कूल के डायरेक्टर कपिल शर्मा और मनोज कुकरेजा आदि द्वारा योगदान किया गया था,जिस पर राज ऋषि अभय समाज अलवर के पदाधिकारियों राज ऋषि अभय समाज से लोकेश मिश्र जिला अध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार अलवर,राजेंद्र प्रसाद शर्मा महामंत्री, देव राज शर्मा सदस्य व कलाकार राज ऋषि अभय समाज अलवर द्वारा गुरुवार को इन्द्रा हैप्पी स्कूल खैरथल के प्रांगण में पहुंच कर सभी संचालकों का प्रतीक चिन्ह देकर और श्री राम जी का साफा पहनाकर सम्मान किया गया है। सभी स्कूल संचालकों सहित स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है।

## अलवर शहर में अतिक्रमण दे रहा है जिला प्रशासन को चुनौती

मरुधर विशेष

**अलवर।** जिला प्रशासन के लिए अलवर शहर के मुख्य और व्यवस्थ बाजारों में अतिक्रमण चुनौती बन गया है। नगर निगम आयुक्त अतिक्रमण पर कार्रवाई करने से कतराता है।नगर निगम कभी कभार अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति कर देता है। शहर के चारों तरफ और शहर के बीचों बीच जहां देखो वहीं अतिक्रमण पसरा हुआ है। अतिक्रमण ने शहर की सड़कों को गलियों का आकार दे दिया है। होप सर्कस,घंटा घर,सब्जी मंडी, कटला ,चूड़ी मार्केट, बजाजा बाजार,चर्च रोड आदि शहर के विभिन्न जगहों पर अतिक्रमण ने फैला हुआ है। जिससे शहर के लोगों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। अतिक्रमण की वजह से यातायात बाधित भी हो रहा हैं।शहर के रोड नंबर 2 पर रोड के बीच में कुलर व पंखे रख कर रोड पर ही अतिक्रमण कर लिया हैं। जिससे लोगों को परेशानी व दुर्घटना होने का डर बना रहता हैं। नगर निगम की टीम मौके पर जाकर सर्वे नहीं करती हैं और नहीं यातायात पुलिस रोड पर वाहन पार्क करने पर कार्यवाही करती हैं ।जिससे कि इन दुकानदारों को हौसले बुलंद है। मिली हुई हैं। अतिक्रमण को लेकर मीडिया के सवालों पर नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका टाल देते है।

# जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए परिवादों का निस्तारण करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** डीग, -जिला कलक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 39 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें।



जिला स्तरीय जनसुनवाई में भूमि पर अतिक्रमण,भूमि विभाजन,बिजली,खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने,सड़क, यातायात व्यवस्था सुधारने,पट्टा दिलाने बाबत,विभिन्न प्रकरणों की जांच कराने तथा पेयजल समस्या सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, आयुक्त नगर परिषद और सम्बंधित विभागों को परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। डीग के बहज में अतिक्रमण को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी को संज्ञान लेकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुम्हेर में पेयजल सप्लाई की शिकायत पर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवी सिंह, विद्युत विभाग अधिशाषी अभियंता बनवारीलाल, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग जगदीश प्रसाद, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग विकास शर्मा, डीएसओ भागूराम महला, सहकारिता विभाग अधिकारी रामावतार सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अर्चना पीपल, उपनिदेशक पशुपालन विभाग भावना यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अधिकारी कुलदीप सिंह, पीएचईडी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकरी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

## जयपुरः मेरिट होल्डर बदले की भावना के चलते बना बदमाश

मरुधर विशेष

**पुराने** दोस्तों से विवाद के चलते उठाए हथियार, दोस्तों को सबक सिखाने हथियारों के साथ पहुंचा जयपुर, वारदात से पहले पुलिस के हत्थे चढ़ गया मेरिट होल्डर, आरोपी राज डागुर को गिरफ्तार कर एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस किए बरामद आरोपी से एक लग्जरी कार भी की गई बरामद, अपने दोस्तों को सबक सिखाने हलैना से आया था जयपुर ,महेश नगर थाना पुलिस कर रही आरोपी से पूछताछ

# 101 कुण्डीय महायज्ञ का भूमि पूजन सम्पन्न लिमथान में श्री विष्णु अनुष्ठान 30 से



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** श्री परशुराम एवं श्री कृष्ण धाम लिमथान पर प्रस्तावित 101 कुण्डीय श्रीविष्णु महायज्ञ का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। पौराणिक तीर्थ पर प्रस्तावित इस विराट आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सर्व समाज के सहयोग से विप्र फाउंडेशन के संयोजन में होनेवाले आयोजन में यजमान तैयार हो चुके हैं। कार्यक्रम संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि



भूमि पूजन व भैरव स्थापना एवं ध्वज पताका स्थापना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी रहे। अध्यक्षता महायज्ञ के संरक्षक स्वामी विवेकानंद महाराज बड़ोदिया ने की। प्रधान आचार्य किशोर शुक्ला के नेतृत्व में राजेंद्र जोशी लिमथान ने सपत्नीक विधान पूर्ण किया। परशुराम सेवा संस्थान के संयोजक महेश जोशी नवागांव ने बताया कि कुण्ड पर बैठनेवाले यजमानों का अपार सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर महायज्ञ के लिए विशाल यज्ञशाला निर्माण का कार्य नरेश भाई कलिंजरा को दिया गया। साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में हेमेन्द्र जोशी लिमथान, नवीन त्रिवेदी ठिकरिया, कचरूलाल पाटीदार सुरवानिया, मनोज जोशी लिमथान, अनिल भट्ट सालिया, लोकेश आचार्य, अशोक पुरोहित, केशव सेवक बड़ोदिया, आशा उपाध्याय ठिकरिया ने सहयोग किया। 30 अप्रेल को श्री परशुराम जयंती से 2 मई श्री शंकराचार्य जयंती तक चलने वाले महायज्ञ के लिए गांव-गांव में जन सम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के लिए सभी कुण्डों के यजमानों की सहमति प्राप्त हुई है। विशाल गंगाजल कलश यात्रा के लिए प्रधान कलश सोनी घाटोल यजमान रहेंगी। इधर सालिया, बड़ोदिया, सुरवानिया, करजी, चोखला, बांसवाड़ा, इटाउवा, नवागांव, ठिकरिया, सागडोद, बोरवट, नांदिया सहित जिले के विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क किया जा रहा है।

## कठूमर में वीसी के माध्यम से सीएस और जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में शामिल हुए ब्लॉक स्तरीय अधिकारी



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर ।** जिला कलक्टर द्वारा गुरुवार को जनसुनवाई की गई और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ब्लाक स्तरीय अधिकारी भी इस कार्यक्रम से जुड़े। वीसी में राज्य के सी एस सुधांश पंत ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी जिला व उपखंड मुख्यालय पर बिना परिमिशन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को छुट्टी पर नहीं जाने के निर्देश दिए इसके अलावा पानी, स्वास्थ्य सेवाएं अलर्ट मोड़ पर रखने को भी कहा गया। वीसी के दौरान उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल, तहसीलदार मदन जाट, नगरपालिका ईओ नरसीलाल मीणा, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान से मचा हड़कंप

मरुधर विशेष

**सुनीता सैनी** बावल कस्बे के बाजार में नगर पालिका द्वारा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें नगर पालिका की टीम दोपहर को दलबल के साथ बाजार में पहुंची जिसे देखकर बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वह अपने दुकान का सामान समेटकर अंदर रखने लगे रेहडी वाले इधर-उधर गलियों की तरफ भागने लगे मौके पर नगर पालिका प्रशासन की टीम में अनेक कर्मचारी मौजूद रहे नगर पालिका कर्मचारी ट्रैक्टर टोली के साथ बाजार में पहुंचे तो बाजार में हड़कंप मच गया नगर पालिका जेई दीपक कुमार ने बताया कि लगातार रेहडी व दुकानदारों को सचेत किया जाता रहा हैं प्रशासन दुवरा निर्धारित स्थान पर अपना सामान रखे हुए निर्धारित स्थान पर ही रेहड़ी लगाये लाइन क्रॉस नहीं करे लेकिन कुछ रेहडी वाले लाइन क्रॉस



करके बाहर तक सामान को रख देते हैं जिससे बाजार में अवस्था हो जाती है और जाम की स्थिति बनी रहती है कई बार तो में बाजार में एंबुलेंस तक के निकलने की व्यवस्था नहीं रहती यातायात प्रभावित होता है और बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे वाहनों और आम आदमियों को पैदल चलने तक में परेशानी होती है इसी को लेकर नगर पालिका प्रशासन समय-समय पर दुकानदारों और रेडी वालों को चेतावनी देता रहता है रेहड़ी वालों के लिए पट्टी बनाई गई हैं इससे बाहर सामान रखनें वालों का चालान काटा जा रहा हैं कई दुकानदारों के सामान जप्त किए गए हैं जेई दीपक ने बताया कि दस हजार से अधिक से रुपए की वसूल की गई है कई लोगों के समान नगरपालिका ने जप्त किया है उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है इस अवसर पर नगर पालिका जेई दीपक कुमार संजय सिंह कमल सिंह जवाहर विजय सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे

## प्राइवेट स्कूलों को परेशान करने की बजाय हो इनका स्थाई समाधान जसबीर सैनी

मरुधर विशेष

**सुनीता सैनी** प्राइवेट स्कूलों की समस्या को लेकर ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाक़ात की द्य जसबीर नें शिक्षा मंत्री से आग्रह किया की प्राइवेट स्कूल संचालक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे है द्य वही सरकार द्वारा स्कूल ड्रेस, किताबें, 134ए व अन्य जो शर्त लगाई गई है वह जनहित में है उसका पालन सभी प्राइवेट स्कूल करेंगे द्य वही जिन स्कूलों नें पुराने नॉर्म्स के हिसाब से 200-200 गज में छोटे - छोटे भवनो में दसवीं, बारवी की स्थाई मान्यता प्राप्त कर ली द्य लेकिन आज अनुमति या अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों के पास इस से कही ज्यादा भूमि, बिल्डिंग होने पर भी मान्यता नहीं मिल रही द्य इसलिए सरकार पुराने, नए स्कूलों पर एक ही नियम लागू करके मान्यता प्रदान करें द्य वही जिन स्कूलों का विभाग से कोई व्यवहार नहीं, और वो स्कूल खोल



गरीब बच्चो को शिक्षा दे रहे है उन्हें भी राहत प्रदान की जाए द्य जहाँ प्राइवेट स्कूल संचालक लोगो को रोजगार देने का काम कर रहे वही बड़े स्तर के स्कूलों में फीस, ड्रेस, किताबें व अन्य खर्चे आम आदमी की पहुंच से बाहर है द्य वही बड़े स्तर के स्कूल नहीं चाहते की छोटे स्तर के स्कूल पनपे द्य इसलिए सरकार इन गरीब स्कूल संचालको को परेशान करने की बजाय इनका समाधान करें द्य वही जो प्राइवेट स्कूल संचालक जीतने मापदंडो तक सरकार के नॉर्म्स पुरे करें, उसे उतनी कक्षा तक स्कूल चलाने की अनुमति मिलेद्य इसलिए बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को भी कम शर्तो पर स्कूल चलाने की अनुमति मिले, क्यों की वो गरीब बच्चों को शिक्षा ही दे रहे, कुछ अधिकारी जानबूझ -कर प्राइवेट स्कूल वालो को एफ. आई. आर की धमकी दे रहे द्य जो सरासर गलत है शिक्षा मंत्री नें आश्ववासन दिया की इस समस्या का समाधान करेंगे

# अकाउंट होल्डर की मृत्यु होने पर बैंक द्वारा पत्नी को 60 लाख का एक्सेंट क्लेम का चैक सौंपा

मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** खेडली । भारतीय स्टेट बैंक शाखा खेडली गंज द्वारा शाखा में रेलवे सैलरी अकाउंट होल्डर की राजू राम मीणा निवासी भनोखर की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को 60 लाख का एक्सीडेंट क्लेम का चैक दिया।

बैंक मैनेजर दिलीप कुमार चौधरी ने बताया की खेड़ली गंज शाखा में एक्सीडेंट क्लेम के तहत भनोखर गांव निवासी छोटी मीणा के पति राजू राम मीना ने बीमा करवा रखा था। जो अचानक छोटी बाई मीणा के



पति राजू राम मीना का एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई। पीड़ित परिवार को फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी के सहयोग से बीमा का क्लेम में सहयोग कर पीड़ित परिवार को बीमा राशि का चैक सुपुर्द किया।

इस मौके पर सर्विस मैनेजर चंद्रकांत उपसभा प्रबंधक देवकांत वर्मा, महेश चंद्र अग्रवाल, पुष्पेंद्र, अमन, धर्मवीर मीणि सहित बैंक स्टाफ मौजूद था।

# जिले में घटित 388 गोवंशो की अवैध तस्करी की घटना पर जताया रोष

### आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति एवं सर्व समाज ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** हाल ही में जिले में गोवंश 388 बेलो को ट्रक पिकअप वाहनों के माध्यम से अवैध रूप से राज्य के बाहर ले जाया जा रहा था। तस्करी और परिवहन की बढ़ती घटनाओ से आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति एवं सर्व समाज व गौ भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते कुशलगढ़ आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिक कुशलगढ़ एसडीएम मुख्यालय पर पहुंचे ओर नायब तहसीलदार मनोहर लाल बारिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार से यह मांग की गई के शेष 50 ट्रकों पर तत्काल एफ आई आर दर्ज कर पशु तस्करों को गिरफ्तार किया जाये ओर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जावे। साथी गौ सेवकों के साथ हो रहे हैं और मानवीय व्यवहार की भी घोर निंदा की गई और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गई। तहसील कार्यालय पर गौ सेवकों ने







बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान कुशलगढ़ आदित्य गौ रक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन पंड्या, भावेश राठौड़ संघ चालक कैलाश राव उद्योग पति मुकेश अग्रवाल,हरेंद्र पाठक एडवोकेट हेमेंद्र पंड्या कार सेवक,नगर मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया,नपा अध्यक्ष जितेंद्र अहारी,राहुल भटेवरा,पंकज दोषी, भरत कुमावत,रितेश गादिया,नितिन कलाल,विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंड्या,दिव्या पंड्या,अशोक जोशी,विजय त्रिवेदी,प्रीतेश पंड्या भूपेंद्र टेलर,दिलीप टेलर,अजय निगम सहित कई आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति एवं सर्व समाज के सेकंडों युवा मौजूद रहे ज्ञापन सौंपने के बाद सभी युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए सरकार से गौ रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732